पीडब्ल्यूआर एक

पीआर नंबर 69602

सुपरमाइक्रो एक सान जोस

संपादक– यह विज्ञप्ति आपको एशियानेट के साथ संपन्न हुई व्यवस्था के तहत प्रेषित की जा रही है। पीटीआई पर इसका कोई संपादकीय उत्तरदायित्व नहीं है।

सुपरमाइक्रो ने फ्लैश मेमोरी सम्मेलन में इंटेल (आर) के लिए नए ''रूलर'' फार्म फैक्टर का समर्थन करने वाला 1यू पेटाबाइट का एनवीमी स्टोरेज सिस्टम पेश किया

सान जोस, कैलिफोर्निया, 9 अगस्त, 2017, पीआरन्यूजवायर– एशियानेट।

– इंटेल की साझेदारी से विकसित नया 1यू ऑल फ्लैश एनवीमी सिस्टम पेटाबाइट स्केल स्टोरेज और 40 प्रतिशत हायर थर्मल एफिशियंसी देगा

कंप्यूटिंग, स्टोरेज और नेटवर्किंग टेक्नोलॉजी तथा ग्रीन कंप्यूटिंग में वैश्विक अग्रणी कंपनी सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक. (नास्दैक, एसएमसीआई) सांता क्लारा, कैलिफोर्निया के सांता क्लारा कन्वेंशन सेंटर में 8 अगस्त से 10 अगस्त 2017 के दौरान आयोजित होने वाले फ्लैश मेमोरी समिट में अपना पेटाबाइट स्केल ऑल–फ्लैश नॉन–वोलाटाइल मेमोरी एक्सप्रेस (एनवीमी) सिस्टम प्रदर्शित करेगी।

एक 1यू सिस्टम में कुल 32 ''रूलर'' फार्म फैक्टर एसएसडी के साथ सुपरमाइक्रो का नया एनवीमी समाधान 1यू रैक स्थान में पेटाबाइट स्तर की सभी एनवीमी क्षमता प्रदान करेगा क्योंकि कंपनी ने निकट भविष्य में 32टीबी रूलर्स को समर्थन देने की योजना बनाई है। मौजूदा यू.2 एसएसडी 2यू स्टोरेज सिस्टम की तुलना में इंटेल (आर) एसएसडी के लिए नया ''रूलर'' फार्म फैक्टर प्रति रैक यूनिट की दोगुनी से अधिक क्षमता और 40 प्रतिशत अधिक थर्मल प्रभावशीलता देता है ।

आज एफएमएस 2017 में सुपरमाइक्रो ने इंटेल में प्रमुख टेक्नोलॉजी भागीदार के तौर पर अपनी भूमिका निभाने की घोषणा की क्योंकि कंपनी ने अपनी ''रूलर'' फार्म फैक्टर टेक्नोलॉजी शुरू की है। एनवीमी टेक्नोलॉजी सर्वश्रेष्ठ संभावित लेटेंसी शुरू करने के लिए विकसित की गई है और एडवांस्ड कंप्यूटिंग के लिए डाटा स्टोरेज परफार्मेंस को अधिक तेज सीपीयू देती है। नया ''रूलर'' फार्म फैक्टर रैक प्रभावशीलता को अनुकूलित करता है, अद्वितीय स्पेस–एफिशियंट क्षमता देता है और सेवा क्षमता को सरलीकृत करता है।

सुपरमाइक्रो के अध्यक्ष एवं सीईओ चार्ल्स लियंग ने कहा, ″1यू में 32 ‘रूलर’ फार्म फैक्टर एसएसडी के साथ हमारा नया ‘रूलर’ आधारित सिस्टम इसकी ताजा मिसाल है कि सुपरमाइक्रो कैसे एनवीमी टेक्नोलॉजी के लिए अभिनव आवरण बनाना जारी रखती है। दोगुनी से अधिक क्षमता और 40 प्रतिशत से अधिक थर्मल प्रभावशीलता के जरिये सुपरमाइक्रो का यह ‘रूलर’ सिस्टम हमें निकट भविष्य में एकल 1यू सिस्टम में पेटाबाइट स्केल तक ले जाएगा– जो महज कुछ समय पहले एक कल्पना से परे क्षेत्र था।″

इंटेल के एनवीएम सॉल्यूशंस ग्रुप में स्ट्रैटजिक प्लानिंग एवं बिजनेस डेवलपमेंट के उपाध्यक्ष बिल लेजिंस्की ने कहा, ″इंटेल एसएसडी के लिए ‘रूलर’ फार्म फैक्टर आज के डाटा सेंटर की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है और यह डाटा सेंटर में बड़े पैमाने पर व्यापक स्टोरेज एवं प्रभावी प्रबंधन देता है, हार्ड ड्राइव तथा एड–इन काड्र्स की धरोहर से मुक्त करता है। हम एक बार फिर इस तरीके से डाटा को स्टोर करने के तरीकेमें बदलाव , हमारे लंबे समय के स्टोरेज इनोवेशन इतिहास और भविष्य के उन उल्लेखनीय समाधानों को देखकर उत्साहित हैंजो आज इस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए बनाए गए हैं।″

अपने एक्स11 सर्वर तथा स्टोरेज पोर्टफोलियो में 100 से अधिक एनवीमी आधारित प्लेटफॉर्मों की बदौलत सुपरमाइक्रो एनवीमी सर्वरों तथा स्टोरेज में टेक्नोलॉजी इनोवेशन प्रमुख के तौर पर अपने मुकाम को लगातार ऊंचा कर रही है। मसलन, सुपरमाइक्रो बिगट्विन (टीएम) सिस्टम 2यू में 24 एनवीमी तक और प्रति नोड 24 मेमोरी मॉड्यूल का समर्थन करता है।

फीनिक्सएनएपी में प्रोडक्ट्स उपाध्यक्ष विलियम बेल ने कहा, ″सुपरमाइक्रो बिगट्विन (टीएम) मॉडल पर रैम तथा एनवीमी के लिए उद्योग अग्रणी सपोर्ट करती है जिसे हम नए इंटेल (आर) झियोन (आर) स्केलेबल प्रोसेसरों के लिए प्रतिस्थापित कर रहे हैं। ये सिस्टम्स हमें 2यू में कुल 24 एनवीमी ड्राइव के लिए प्रति नोड 6 एनवीमी ड्राइव का समर्थन करने की अनुमति देते हैं। यह तेजी से बढ़ती परफार्मेंस मांगों को पूरा करता है जिसे हमारे ग्राहक हमारे प्लेटफार्म पर रखते हैं।″ फीनिक्सएनएपी एक वैश्विक संस्था है जो क्लाउड, बेयर मेटल समर्पित सर्वरों, कोलोकेशन तथा इंफ्रास्ट्रक्चर–एज–ए–सर्वर (आईएएएस) समाधानों के एक व्यापक पोर्टफोलियो की पेशकश करती है।

सुपरमाइक्रो का नया ऑल–फ्लैश 32 ड्राइव एनवीमी 1यू सिस्टम ग्राहकों को संवर्द्धित स्टोरेज फ्लेक्सिबिलिटी की पेशकश के लिए ‘‘रूलर’’ तथा यू.2 फार्म फैक्टर्स दोनों का समर्थन करता है। यह 1यू सिस्टम इस वर्ष एनवीमी स्टोरेज क्षमता का आधा पेटाबाइट और अगले साल की शुरुआत में पूरा पेटाबाइट का समर्थन करेगा।

इसके अलावा सुपरमाइक्रो ने सीधे तौर पर जुड़े 20 एनवीमी एसएसडी के साथ 1यू और 2यू अल्ट्रा सर्वर विकसित किए हैं। ये नए एक्स11 सर्वर एक नॉन–ब्लॉकिंग डिजाइन से लैस हैं और 20एनवीमी एसएसडी में 80 पीसीआई–ई

लेंस को आवंटित करते हैं। यह पद्धति सबसे कम संभावित लेटेंसी देती है और थ्रुपुट परफार्मेंस में 18 मिलियन आईओपीएस तक को खोलती है।

सुपरमाइक्रो के ऑल–फ्लैश एनवीमी सर्वर समाधानों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें

https://www.supermicro.com/products/nfo/NVMe.cfm.

सुपरमाइक्रो (आर) सुपरसर्वर (आर) समाधानों के बारे में संपूर्ण जानकारी के लिए देखें

www.supermicro.com.

Follow Supermicro on Facebook (https://www.facebook.com/Supermicro ) and Twitter (http://twitter.com/Supermicro_SMCI ) to receive their latest news and announcements.

ताजा खबरों और घोषणाओं को हासिल करने के लिए सुपरमाइक्रो को फेसबुक (https://www.facebook.com/Supermicro) और ट्विटर (http://twitter.com/Supermicro_SMCI ) पर फॉलो करें ।

सुपरमाइक्रो कंप्यूटर, इंक. (नास्दैक, एसएमसीआई) के बारे में

उच्च निष्पादन तथा उच्च प्रभावशीलता वाली सर्वर टेक्नोलॉजी में अग्रणी नवप्रवर्तक कंपनी सुपरमाइक्रो (आर) (नास्दैक, एसएमसीआई) पूरी दुनिया में डाटा सेंटर, क्लाउड कंप्यूटिंग, इंटरप्राइज आईटी, हडूप–बिग डाटा, एचपीसी तथा एम्बेडेड सिस्टम्स के लिए एडवांस्ड सर्वर बिल्डिंग ब्लॉक सॉल्यूशंस (आर) की एक शीर्ष प्रदाता कंपनी है। सुपरमाइक्रो अपनी ''वी कीप आईटी ग्रीन (आर)'' मुहिम के जरिये पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और ग्राहकों के लिए बाजार में उपलब्ध सबसे ऊर्जा प्रभावी, पर्यावरण अनुकूल समाधान पेश करती है।
सुपरमाइक्रो, सुपरसर्वर , सर्वर बिल्डिंग ब्लॉक सॉल्यूशंस, बिगट्विन और वी कीप आईटी ग्रीन सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक. के व्यापार चिह्न और या पंजीकृत व्यापार चिह्न हैं।

इंटेल और झियोन अमेरिका और अन्य देशों में इंटेल कॉर्पोरेशन के व्यापार चिह्न या पंजीकृत व्यापार चिह्न हैं।

अन्य सभी ब्रांड्स, नाम और व्यापार चिह्न संबंधित मालिकों की संपत्तियां हैं ।

एसएमसीआई–एफ

स्रोतः सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक.

संपर्कः माइकल केलोद्रिच, सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक., michaelk@supermicro.com

पीआरन्यूजवायर– एशियानेटः रंजन